भोपाल | बुधवार | 03 सितंबर 2025 | वर्ष 69 | अंक 210 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से | भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण


4 अस्पताल में मरीज को संक्रमण का खतरा


5 रूसी सेंटर ग्रुप के हमले में 385 यूक्रेनी सैनिकों की मौत


8 राशिद बने टी20 में शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज


9 सीतारमण ने छोटे व्यवसायों को दी राहत की उम्मीद

## भारत बनेगा चिप महाशक्ति

### पीएम मोदी ने कहा- भारत की सबसे छोटी चिप, दुनिया के सबसे बड़े बदलाव का कारण बनेगी

**नयी दिल्ली, 2 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को द्वारका स्थित यशोभूमि में आयोजित सेमीकॉन इंडिया 2025 सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि इक्कीसवीं सदी की राजनीति और अर्थव्यवस्था अब तेल नहीं बल्कि छोटी-सी चिप से तय होगी. उन्होंने भरोसा जताया कि भारत आने वाले वर्षों में सेमीकंडक्टर महाशक्ति के रूप में उभरेगा.**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सबसे छोटी चिप, दुनिया के सबसे बड़े बदलाव का कारण बनेगी. उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत बैकएंड से निकलकर अब एक पूर्ण सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि नोएडा और बेंगलुरु स्थित डिजाइन सेंटर आज दुनिया की सबसे आधुनिक चिप्स तैयार कर रहे हैं, जिनमें अरबों ट्रांजिस्टर्स समाहित होंगे.

उन्होंने बताया कि बीते चार वर्षों में भारतीय सेमीकंडक्टर मिशन ने उल्लेखनीय प्रगति की है. आज इस क्षेत्र की 10 परियोजनाओं में 18 अरब डॉलर (डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक) का निवेश हो रहा है. माइक्रॉन और टाटा जैसी कंपनियां पहले ही टेस्ट चिप्स तैयार कर चुकी हैं और इसी वर्ष भारत के स्वदेशी वाणिज्यिक चिप्स बाजार में आ जाएंगे. प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की सेमीकंडक्टर डिजाइनिंग प्रतिभा का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा भारत से है, इसलिए इस क्षेत्र में भारत की भूमिका बेहद अहम है. उन्होंने निवेशकों को आश्वासन दिया कि सरकार डिजाइन-आधारित प्रोत्साहन योजना और चिप्स-टू-स्टार्टअप कार्यक्रम के जरिये स्टार्टअप्स और नवाचारियों को विशेष सहयोग दे रही है. उन्होंने सेमीकंडक्टर को डिजिटल डायमंड बताते हुए कहा कि सरकार एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार कर रही है.



#### भारत सेमीकंडक्टर महाशक्ति बनने की राह पर

- 10 परियोजनाओं में 18 अरब डॉलर (1.5 लाख करोड़ रु.) का निवेश
- नोएडा और बेंगलुरु में विश्वस्तरीय डिजाइन सेंटर स्थापित
- माइक्रॉन और टाटा : टेस्ट चिप्स तैयार, इस वर्ष आएंगे व्यावसायिक चिप्स
- विश्व का 20 प्रतिशत चिप डिजाइनिंग टैलेंट भारत से
- डिजाइन प्रोत्साहन योजना और चिप्स-टू-स्टार्टअप कार्यक्रम लागू
- नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन से खनिज आपूर्ति सुनिश्चित
- भारत बनेगा इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण का वैश्विक केंद्र

#### मां के अपमान पर मोदी ने कहा -'देश नहीं सहेगा'

**नई दिल्ली/पटना.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार की ग्रामीण महिलाओं के लिए 'बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड' का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और राजद पर करारा हमला बोला और कहा कि उनकी मां का अपमान सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि देश की हर मां, बहन और बेटी का अपमान है. पीएम मोदी ने कहा, बिहार में राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं. मेरी मां राजनीति में कभी नहीं रहीं, अब वह इस दुनिया में भी नहीं हैं. फिर भी उन्हें अपमानित किया गया. यह दृश्य और शब्द केवल मुझे ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार और देश की जनता को पीड़ा देने वाले हैं.

## एक नजर में



### डॉ. मित्तल यूएई में भारत के नये राजदूत नियुक्त

**नयी दिल्ली.** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी डॉ. दीपक मित्तल को संयुक्त अरब अमीरात में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है. विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि डा.मित्तल विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी हैं और उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है. वह कतर में भारत के राजदूत रह चुके हैं. डॉ. मित्तल श्री संजय सुधीर की जगह लेंगे जो अब तक संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत थे. वर्ष 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के बाद उन्होंने भारत और तालिबान शासन के बीच औपचारिक संपर्क शुरू कराने में अहम भूमिका निभायी थी.

### इंडिगो फ्लाइट से टकराया पक्षी, सुरक्षित लैंडिंग

**नागपुर.** नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई812 मंगलवार सुबह एक बड़े हादसे से बाल-बाल बच गई. उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद विमान पक्षी से टकरा गया. आपात स्थिति में पायलट ने तत्परता दिखाते हुए विमान को नागपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा. विमान में सवार सभी यात्रियों को पूरी तरह सुरक्षित बताया गया है. एयरपोर्ट अधिकारियों ने जानकारी दी कि टेकऑफ के तुरंत बाद हुए इस टकराव के बाद विमान की तकनीकी जांच की गयी. शुरुआती रिपोर्ट में बर्ड-हिट की पुष्टि हुई है. इंडिगो ने बयान जारी कर कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए फ्लाइट को रद्द कर दिया गया है. प्रभावित यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों या पूर्ण रिफंड का विकल्प दिया जाएगा.

### जैश-ए-मोहम्मद के तीन सदस्य गिरफ्तार

**मोहाली.** पंजाब पुलिस ने मोहाली में बड़ी सफलता हासिल करते हुए जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जो नयागांव निवासी कैब चालक अनिल कुमार के अपहरण और हत्या में शामिल थे. दो आरोपियों की पहचान जैश-ए-मोहम्मद के ओवरग्राउंड वर्कर के रूप में हुई है. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों ने खरड़ से कैब किराए पर ली थी. इसके बाद चालक का मोबाइल फोन बंद हो गया, जिससे संदेह गहराया. त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस की विशेष टीमों ने तीनों आरोपियों को धर दबोचा.

## आज भारत आयेंगे भूटान के प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली.** भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे आज चार दिन के भारत दौरे पर आ रहे हैं और इस दौरान वह गयाजी तथा अयोध्या जायेंगे. उनके साथ उनकी पत्नी ओम ताशी डोमा भी आ रही हैं. विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि तोबगे का विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से भी मिलने का कार्यक्रम है. तोबगे आज सीधे गयाजी पहुंचेंगे और गुरूवार तक वहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे. शुक्रवार सुबह वह अयोध्या रवाना होंगे और दोपहर बाद राजधानी दिल्ली के लिए रवाना होंगे.




भारत ने अपने हितों की पूर्ति के लिए अपना संकल्प मजबूत किया !

## भारत की पहली स्वदेशी 32-बिट चिप 'विक्रम'

### वैष्णव ने कहा, आज भारत ने अपनी पहली मेड-इन-इंडिया चिप दुनिया को दी

**नयी दिल्ली, 2 सितम्बर. भारत ने सेमीकंडक्टर निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. इसरो की सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला ने देश की पहली स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर चिप 'विक्रम' तैयार की है. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह चिप भेंट की.**

इस मौके पर मंत्री वैष्णव ने कहा, आज भारत ने अपनी पहली मेड-इन-इंडिया चिप दुनिया को दी है. यह प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच और दृढ़ संकल्प का परिणाम है. उन्होंने बताया कि वर्तमान में पांच सेमीकंडक्टर इकाइयों का निर्माण तेज़ी से चल रहा है.




'सेमीकॉन इंडिया 2025' कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कहा कि महज 3.5 वर्षों में भारत ने दुनिया का विश्वास अर्जित किया है. सरकार अब तक हाई-वॉल्यूम फैब्रिकेशन यूनिट्स, 3डी पैकेजिंग और ओएसएटी जैसे क्षेत्रों में 10 परियोजनाओं को मंजूरी दे चुकी है. इसके अलावा, 280 शैक्षणिक संस्थानों और 72 स्टार्ट-अप्स को उन्नत टूल्स की सुविधा दी गई है, जबकि डीएलआई योजना के तहत 23 स्टार्ट-अप्स को स्वीकृति मिल चुकी है. 'विक्रम' को विशेष रूप से स्पेस लॉन्च व्हीकल्स की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है. इससे भारत की आयातित चिप्स पर निर्भरता कम होगी और देश को ग्लोबल सेमीकंडक्टर हब बनाने की दिशा में एक नई ऊर्जा मिलेगी. तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय कंपनियाँ जैसे आईबीएम, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, माइक्रोन, एएसएमएल और इनफिनियॉन भाग ले रही हैं. इसमें मुख्य भाषण, पैनल चर्चा, शोध-पत्र प्रस्तुति और छह अंतरराष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन शामिल होंगे.

## ईसी ने मांगा पवन खेड़ा ने जवाब

**नयी दिल्ली.** दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने दो जगह वोटर सूची में नाम होने के आरोप में कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा को नोटिस भेजा है और आठ सितम्बर तक जवाब देने को कहा है. मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि श्री खेड़ा के नाम दिल्ली विधानसभा क्षेत्र 40 के काका नगर के पते पर है और दूसरी जगह उनका नाम दिल्ली विधानसभा क्षेत्र 41 के डी ब्लॉक जंगपुरा के पते का है. श्री खेड़ा को भेजे नोटिस में चुनाव अधिकारी ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत एक व्यक्ति के दो जगह से वोटर लिस्ट में नाम होना दंडनीय अपराध है.

## सिंधिया की तीसरी पीढ़ी के हाथों में कमान

- महान आर्यमन सिंधिया निर्विरोध चुने गए एमपीसीए अध्यक्ष

**नवभारत न्यूज़**
**इंदौर, 2 सितंबर. मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) की वार्षिक साधारण सभा मंगलवार को होलकर स्टेडियम में सम्पन्न हुई. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महानआर्यमन सिंधिया (29) को एमपीसीए का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया. बैठक में ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहे. इस दौरान महानआर्यमन को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया.**

वह एमपीसीए के इतिहास में सबसे युवा अध्यक्ष बन गए हैं. नई कार्यकारिणी में सुधीर असनानी सचिव, अरुंधति किरकिरे सहसचिव, विनीत सेठिया उपाध्यक्ष और संजीव दुआ कोषाध्यक्ष चुने गए. मैनेजिंग कमेटी में संध्या अग्रवाल, प्रसून कनमड़ीकर, राजीव रिसोड़कर और ब्रजेश राणा थे. एजीएम से पूर्व ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बेटे महानआर्यमन के साथ खजराना गणेश मंदिर में दर्शन किए. इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट भी उपस्थित रहे.



## आगरा में धर्मांतरण गिरोह का पर्दाफाश, 8 गिरफ्तार

**आगरा.** उप्र में आगरा जिले की शाहगंज पुलिस ने मंगलवार को अवैध धर्मांतरण के रैकेट का खुलासा करते हुये मुख्य आरोपी समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस उपायुक्त नगर सोनम कुमार ने बताया कि हिंदू से ईसाई धर्म में परिवर्तन करने का खेल शाहगंज में चल रहा था. मुख्य आरोपी राजकुमार लालवानी मुंबई से लौट कर आया था और धर्म परिवर्तन के काम में लगा हुआ था.



## जल जीवन मिशन के अधूरे कामों पर 9026 करोड़ खर्च करेगी सरकार

- केंद्र सरकार अब नहीं देगी राशि
- मिशन के कामों की लागत भी बढ़ी, ये भी सरकार के जिम्मे

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 2 सितंबर. प्रदेश में जल जीवन मिशन के अधूरे कामों से अब केंद्र सरकार ने हाथ पीछे खींच लिये हैं. केंद्र सरकार प्रदेश में मिशन के तहत अधूरे कामों के लिये अब कोई राशि नहीं देगी. ऐसे में सरकार अब इस योजना पर 9026 करोड़ 97 लाख रुपये की राशि खर्च करेगी. इसमें बढ़ी हुई राशि 2813 करोड़ 21 लाख रुपये भी शामिल है.**

मंगलवार को कैबिनेट ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. दरअसल प्रदेश में मिशन के काम लगातार दूरी से चल रहे हैं और तय समय पर ये पूरे नहीं हो सके हैं, वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने जो कामों की जांच कराई है, उसमें भी कई जगह विसंगति और गड़बड़ी मिली है. ऐसे में केंद्र ने मिशन के अधूरे कामों को पूरा करने के लिये और राशि देने से इंकार कर दिया है. ऐसे में अब पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार के कंधे पर आ गई है. प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत अब तक 20 हजार 765 करोड़ रूपये लागत की 27 हजार 990 एकल ग्राम नल जल योजनाओं और 60 हजार 786 करोड़ रूपये लागत की 148 समूह जल प्रदाय योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है.

## पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी को किया निलंबित

**हैदराबाद, 2 सितंबर. भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी और एमएलसी के. कविता को पार्टी से निलंबित कर दिया है.**



पार्टी ने आरोप लगाया है कि कविता हाल के दिनों में लगातार दल-विरोधी गतिविधियों में शामिल रही हैं, जिससे संगठन की छवि और हितों को नुकसान पहुंचा है. बीआरएस नेतृत्व का कहना है कि अध्यक्ष केसीआर ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह कदम उठाया.

कविता का निलंबन ऐसे समय में हुआ है जब पार्टी के भीतर खींचतान खुले तौर पर सामने आने लगी है. निलंबन से ठीक एक दिन पहले उन्होंने अपने चचेरे भाई और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव तथा सांसद जोगिनपल्ली संतोष कुमार पर तीखे आरोप लगाए थे.

## 637 करोड़ के मामले में ईडी का छापा

### बैंक धोखाधड़ी में अरविंद रेमेडीज़ लिमिटेड को लेकर कई शहरों में छापेमारी

**नयी दिल्ली, 2 सितंबर (वार्ता). प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 637 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े पीएमएलए मामले में अरविंद रेमेडीज लिमिटेड और उसके प्रमोटरों से जुड़े चेन्नई, कोलकाता, गोवा और कांचीपुरम स्थित परिसरों में तलाशी अभियान चला रहा है.**

सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई कथित बैंक धोखाधड़ी और फर्जी संस्थाओं के माध्यम से धन की हेराफेरी की पीएमएलए जांच का हिस्सा है. पंजाब नेशनल बैंक ने अरविंद रेमेडीज लिमिटेड और उसके प्रमोटर अरविंद बी शाह तथा अन्य के खिलाफ 637 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के लिए सीबीआई में शिकायत दर्ज करायी है. पीएनबी, यूबीआई, एसबीआई, आईडीबीआई बैंक, इलाहाबाद बैंक, करूर वैश्य बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, कॉर्पोरेशन बैंक जैसे विभिन्न बैंकों के संघ का अग्रणी बैंक था, जिसने 704.75 करोड़ रुपये की विभिन्न ऋण सुविधाएँ प्रदान कीं.

#### ईडी का 425 करोड़ के मामले में दिल्ली-पुणे में छापा

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुप्ता एक्ज़िम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के 425 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में दिल्ली और पुणे में दस स्थानों पर एक साथ छापामारी की है. इस कंपनी के प्रवर्तकों और निदेशकों पर पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का कर्ज गबन करने और धन को असंबंधित संस्थाओं में भेजने का आरोप है.

**बिहार चुनाव** | आठ मुख्यमंत्री, अस्सी सांसद और तीन सौ विधायक तैयारी संभालेंगे

## सत्ता बरकरार रखने के लिए अभेद्य कवच के साथ उतरेगी भाजपा

### संघ के विस्तारकों के अलावा दूसरे प्रदेशों के संगठन महामंत्री भी जमीनी तैयारी में जुटे

प्रवेश कुमार मिश्र

**नई दिल्ली,2 सितंबर. बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्षी दलों की घेराबंदी और सत्ता विरोधी लहर से बाहर निकलने के लिए भाजपा व संघ ने जमीनी स्तर पर विभिन्न श्रेणियों में बहुस्तरीय चुनावी रणनीति को तैयार किया है.**

सूत्रों की मानें तो इस रणनीति के तहत भाजपा शासित प्रदेशों के आठ मुख्यमंत्रियों, विभिन्न राज्यों से संबंध रखने वाले अस्सी भाजपाई सांसदों और विभिन्न प्रदेशों के लगभग तीन सौ भाजपाई विधायकों को बिहार के चुनावी रण में बहुस्तरीय तैयारियों को अमलीजामा पहनाने के लिए लगाया जा रहा है. इतना ही नहीं संघ की ओर से हरेक विधानसभा के लिए विस्तारकों को जमीनी स्तर पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए भेजा गया है. विभिन्न प्रदेशों के संगठन महामंत्रियों को चार-चार जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है. ऐसे प्रभार वाले सभी संगठन महामंत्रियों को अभी से लेकर चुनाव प्रचार समाप्त होने तक जिम्मेदारी वाले जिलों में लगातार प्रवास पर रहना है.

उन्हें जिलों में रहते हुए मौजूदा संगठन को धारदार बनाने में सहयोग करने के अलावा मौजूदा विधायकों की जीत की संभावनाओं को तलाशने के साथ-साथ जिताऊं उम्मीदवार की तलाश करते हुए उसकी रिपोर्ट बिहार के संगठन महामंत्री व केन्द्रीय संगठन मंत्री तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है.

सूत्रों की मानें तो हरेक विधानसभा की जिम्मेदारी दूसरे प्रदेशों से आने वाले कम से कम दो विधायकों के उपर राखी गई है. इन्हें पंचायत स्तर तक की तैयारी को दुरुस्त करना है. हरेक विधानसभा पर दूसरे प्रदेशों से आए एक सांसद को जिम्मेदारी सौंपी गई है. इनकी जिम्मेदारी विधानसभा के अंदर आने वाले ब्लाक स्तर की तैयारियों पर नजर रखना है. जिलास्तरीय सांगठनिक व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए कई जिलों में वरिष्ठ सांसद और कुछ जिलों में केन्द्रीय मंत्री भी तैनात रहेंगे. इसके बाद विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री चार-पांच जिलों की तैयारियों पर व्यापकता के साथ समीक्षात्मक नजर रखेंगे. ब्लाक व जिला स्तर से लेकर कमिश्नरी और प्रांतीय स्तर पर चुनावी वार रूम तैयार किया जा रहा है ताकि किसी भी जरूरत को पूरा करने के लिए तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित किया जा सके.

## अफगानिस्तान में भूकंप से 1400 मौत

**काबुल, 2 सितंबर (वार्ता) पूर्वी अफगानिस्तान में रविवार रात आये भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1400 हो गयी है. इस प्राकृतिक आपदा में 3,251 घायल हुये है. अफगान रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने मंगलवार को यह जानकारी दी.**

सूचना एवं प्रकाशन प्रमुख जुमा खान नईल ने शिन्हुआ को बताया कि भूकंप में मुख्य रूप से कुनार प्रांत में 8,000 से अधिक घर पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से नष्ट हो गये हैं. अभी तक मृतकों एवं घायलों के अंतिम आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं और राहत एवं बचाव दल मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने का काम कर रहे हैं.



गौरतलब है कि यह भूकंप रविवार रात 11.47 बजे अफगानिस्तान के पूर्वी भाग में आया जिसका केंद्र नांगरहार प्रांत की राजधानी जलालाबाद से 27 किमी उत्तर-पूर्व में सतह से आठ किलोमीटर की गहराई पर स्थित था.